>

Title: Need to construct flyover on level crossings in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar-laid

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार): मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार, रेलवे डिवीजन मुख्यालय है जो उत्तर-पूर्व रेलवे अंतर्गत में पड़ता है । कटिहार शहर के बीचोंबीच से रेल लाइन गुजरती है । बरौनी से मुकरिया रेल लाइन पर छीटाबारी केएम/2 और बरौनी से कुमेदपुर रेल लाइन पर भगवान चौक केके/1 फाटक बने हैं । ये दोनों फाटक कटिहार शहर में एक ही मार्ग पर लगभग 150 मीटर की समानांतर दूरी पर है । महोदय, यदि इन दोनों फाटकों के उपर एक ओवरब्रिज बना दिया जाय तो सड़क मार्ग का यातायात अवरोधमुक्त हो जाएगा ।

माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूँ कि जनहित में उक्त दोनों समपार फाटक छीटाबारी और भगवान चौक पर एक फ्लाईओवर बनाकर इन फाटकों से यातायात जाम को अवमुक्त कराया जाय जिससे सड़क मार्ग से आवागमन निर्बाध गति बना रहे ।

सधन्यवाद ।